# ईशान के बाद चला गेंदबाजों का मैजिक

टी20 विश्व कप 2026 का 27वां लीग मैच

**18** ओवर में 114 रन पर पैवेलियन लौटी पाक टीम

**61** रन से टीम इंडिया ने पाक को किया पराजित

➠ ईशान किशन ने पारी संभालते हुए तिलक वर्मा के साथ मिलकर 87 (46 गेंद) रनों की साझेदारी की




**कोलंबो 15 फरवरी.** भारत ने पाकिस्तान को 61 रनों से हरा दिया है. टीम इंडिया के गेंदबाजों ने पाक टीम को 114 रनों पर ढेर कर दिया. कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए मैच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 175 रन बनाए थे, जवाब में पाक टीम केवल 114 रन ही बना सकी. ईशान किशन ने 77 रनों की मैच विजेता पारी खेली, उसके बाद अक्षर पटेल और अन्य सभी गेंदबाजों ने दमदार प्रदर्शन किया.

यह टी20 विश्व कप के इतिहास में आठवीं बार है जब भारत ने पाकिस्तान टीम को धो डाला. भारत की कसी हुई गेंदबाजी के आगे पाक बल्लेबाज टिक ही नहीं पाए. पहले ही ओवर में साहिबजादा फरहान को हार्दिक पांडया ने चलता किया. उसके बाद अगले ही ओवर में जसप्रीत बुमराह पाकिस्तानी बल्लेबाजी पर कहर बनकर टूटे. बुमराह ने एक ही ओवर में सैम अयूब और सलमान आगा को आउट करके पाक बल्लेबाजी की कमर तोड़कर रख दी. बाबर आजम ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वो टी20 टीम में जगह के हकदार नहीं हैं. बाबर ने सिर्फ 5 रन बनाए. उस्मान खान ने 44 रन बनाए, वहीं शाहीन अफरीदी 23 रन बनाकर नाबाद लौटे. पाकिस्तान टीम का इतना बुरा हाल रहा कि उस्मान और शाहीन के अलावा पाक टीम का कोई भी बल्लेबाज 20 रनों का आंकड़ा भी नहीं छू पाया. भारत की ओर से अभिषेक शर्मा बिना खाता खोले आउट हो गए, वहीं कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 32 रन, वहीं अंतिम ओवरों में रिंकू सिंह और शिवम दुबे ने तेजतर्रार अंदाज में बैटिंग करते हुए भारत को 170 के पार पहुंचाया.

### ईशान किशन ने खेली आक्रामक पारी

भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज ईशान किशन ने तूफानी बल्लेबाजी की. ईशान ने सिर्फ 40 गेंदों पर 77 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और तीन छक्के शामिल रहे. ईशान के टी20 इंटरनेशनल करियर का ये 9वां अर्धशतक रहा. ईशान किशन ने अपना अर्धशतक सिर्फ 27 गेदों पर पूरा किया. इसके साथ ही ईशान भारत-पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप मैच में सबसे तेज अर्धशतक बनाने वाले बल्लेबाज बन गए. ईशान ने इस मामले में गौतम गंभीर को पछाड़ दिया.

# भारत ए महिला टीम ने पाक को 8 विकेट से हराया




**बैंकॉक, 15 फरवरी गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद दिनेश वृंदा (नाबाद 55) की अर्धशतकीय पारी की बदौलत भारत ए महिला टीम ने रविवार को महिला एशिया कप 2026 राइजिंग स्टार्स के छठे मुकाबले में पाकिस्तान को 59 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से रौंद दिया.**

आज यहां पाकिस्तान ए महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक सामना नहीं कर सकी और 18.5 ओवर में 93 रन के स्कोर पर सिमट गई. शवाल जुल्फिकार (23), गुल रुख (21) और अनोशा नासिर 17 रन बनाकर आउट हुई. शेष आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सकीं. भारत ए महिला टीम के लिए साइमा ठाकोर, राधा यादव और प्रेमा रावत ने दो-दो विकेट लिये. जिंतिमनी कलिता, मिन्नू मनी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया.

इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसे पहले ही ओवर में हुमैरा काजी के रूप में पहली ही गेंद पर झटका लगा. तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आयी अनुष्का शर्मा ने दिनेश वृंदा साथ पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 79 रन जोड़े. नौवें ओवर में मोमिना रियासत ने अनुष्का शर्मा (24) को आउटकर पवेलियन भेज दिया. भारत ए महिला टीम ने 10.1 ओवर में दो विकेट पर 97 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से अपने नाम किया.

## सेरुंडोलो का मुकाबला डारडेरी से



**ब्यूनस आयर्स, 15 फरवरी टॉप सीड और लोकल फेवरेट फ्रांसिस्को सेरुंडोलो शनिवार को अपने ही देश के टॉमस मार्टिन एचेवेरी को 6-3, 7-5 से हराकर अर्जेंटीना ओपन के फाइनल में पहुंच गए.**

सेरुंडोलो ने पहले सर्व पर 83 परसेंट पॉइंट जीते और 32 विनर्स के साथ अपने दमदार फोरहैंड का प्रदर्शन किया, ब्यूनस आयर्स लॉन टेनिस क्लब की आउटडोर क्ले पर एक घंटे और 51 मिनट में जीत हासिल की. सातवें सीड एचेवेरी अपनी सर्व में कंसिस्टेंसी की कमी दिखा पाए और 26 अनफोर्स्ड गलतियां कीं.

सेरुंडोलो ने कहा, 'मैं बहुत खुश हूँ,' जो रविवार के फ़ाइनल में दूसरे सीड लुसियानो डारडेरी से भिड़ेंगे, जब इटैलियन ने अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बाएज को 7-6 (2), 6-1 से हराया. ब्यूनस आयर्स के रहने वाले सेरुंडोलो ने कहा, 'आज हालात सच में बहुत मुश्किल थे. बहुत तेज हवा चल रही थी, जिससे खेलना मुश्किल हो गया. मुझे लगता है कि मैंने बहुत अच्छी सर्व की और यही सबसे जरूरी था.

## ऑस्ट्रेलिया पर भारत की बड़ी जीत




**सिडनी, 15 फरवरी अरुंधति रेड्डी (चार विकेट), रेणुका सिंह और चरणी (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने रविवार को टी-20 सीरीज के वर्षा प्रभावित पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को डकवर्थ लुईस पद्धति से 21 रनों से हराया.**

अरुंधति रेड्डी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया. 134 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम के लिए स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिय 33 रन जोड़े. पांचवें ओवर में सोफी मोलिन्यू ने शेफाली वर्मा को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा. शेफाली वर्मा ने दो छक्के और एक चौका लगाते हुए 22 रन बनाये. इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी जेमिमा रॉड्रिग्स ने स्मृति मंधाना के साथ पारी को संभाला. इसी दौरान छठे ओवर में बारिश शुरु हो गई और उस समय भारत ने एक विकेट पर 50 रन बना लिये थे.

### एक नजर में



#### अफगानिस्तान को पहली जीत की तलाश

**नयी दिल्ली.** वैश्विक टूर्नामेंट के दो मुकाबलों में लगातार मिली हार के बाद अफगानिस्तान टूर्नामेंट में पहली जीत की तलाश में उतरेगा. वहीं कनाडा पर जीत से उत्साहित संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) यह मुकाबला जीतकर अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करना चाहेगा. सोमवार को अरुण जेटली स्टेडियम में होने वाले इस मुकाबले में अफगानिस्तान और यूएई ग्रुप डी में ऐसे समय भिड़ने जा रहे हैं, जब हर नतीजा अधिक महत्वपूर्ण है. अफगानिस्तान जहां अभी भी अपनी पहली जीत की तलाश में है. न्यूजीलैंड से हारने के बाद और फिर दो सुपर ओवर के बाद तय हुए मैच में दक्षिण अफ्रीका से बुरी तरह हारने के बाद, जिससे वे अंक तालिका में चौथे स्थान पर आ गए हैं. इस बीच, यूएई ने न्यूजीलैंड से मिली भारी हार से उबरते हुए एक करीबी मुकाबले में कनाडा को हराया, जिससे इस मैच से पहले उन्हें सही समय पर हौसला मिला है. टूर्नामेंट में अफगानिस्तान का अभियान निराशा और उम्मीद के बीच झूल रहा है. वे अपने शुरुआती गेम में न्यूजीलैंड के कंट्रोल का मुकाबला नहीं कर पाए.



#### मिुचोवा ने पहला डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीता

**दोहा.** चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा 2019 के बाद पहली बार, डब्ल्यूटीए टूर पर चैंपियन बनी हैं. उन्होंने विक्टोरिया म्बोको को शनिवार को दोहा में 1 घंटे 34 मिनट में 6-4, 7-5 से हराकर कतर टोटलएनर्जीज ओपन जीता. इस जीत से मुचोवा को अपने करियर का दूसरा और डब्ल्यूटीए 1000 लेवल पर पहला टाइटल मिला. ट्रॉफी प्रेजेंटेशन के दौरान मुचोवा ने कहा, 'मुझे कोई टूर्नामेंट जीते हुए काफी समय हो गया है. इसलिए उस फीलिंग को फिर से पाना अच्छा है. दोहा में उस जीत की फीलिंग की याद दिलाना, यह अविश्वसनीय है.'

#### एनाबेल सदरलैंड ने जीता बेलिंडा क्लार्क अवॉर्ड



**मेलबर्न.** लगातार दूसरे साल, ऑलराउंडर एनाबेल सदरलैंड को बेलिंडा क्लार्क अवॉर्ड दिया गया है, जो ऑस्ट्रेलिया में किसी महिला क्रिकेटर को दिया जाने वाला सबसे बड़ा सालाना सम्मान है. सदरलैंड ने 77 वोटों के साथ, बेथ मूनी को, जिन्हें 74 वोट मिले थे, इस सम्मान के लिए बहुत कम अंतर से हराया. अलाना किंग 56 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं. सदरलैंड ने कहा, 'यह पक्का एक सरप्राइज़ था, लेकिन यह बहुत बड़ा सम्मान है और मैं बेलिंडा क्लार्क अवॉर्ड जीतकर बहुत शुक्रगुजार हूं - यह अवॉर्ड खेल की एक लेजेंड के नाम पर है.' 'यह जानना कि मैंने पिछले कुछ सालों में योगदान दिया है, हमेशा लक्ष्य होता है. 'मैं इस टीम में लगातार योगदान देना चाहती हूं और सबसे पहले टीम की सफलता में योगदान देना चाहती हूं. अब हम सभी भारत के खिलाफ आने वाली सीरीज का इंतजार कर रहे हैं, जिसकी शुरुआत आज रात पहले टी20 इंटरनेशनल से होगी.'



## वेस्टइंडीज की जीत, नेपाल को नौ विकेट से रौंदा

**मुम्बई, 15 फरवरी. जेसन होल्डर (चार विकेट) के बाद कप्तान शाई होप (नाबाद 61) और शिमरॉन हेटमायर (नाबाद 46) की शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन की बदौलत वेस्टइंडीज ने रविवार को टी-20 विश्वकप के 25वें मुकाबले में नेपाल को 28 गेंदे शेष रहते नौ विकेट विकेट से शिकस्त दी और अपनी जीत की हैट्रिक पूरी की.**

इस जीत के साथ वेस्टइंडीज ने सुपर आठ के लिए अपनी दावेदारी पक्की कर ली है. 134 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज के लिए ब्रैंडन किंग और शाई होप की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 43 रन जोड़े. छठे ओवर में नंदन यादव ने ब्रैंडन किंग को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा. इसके बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आये शिमरॉन हेटमायर ने शाई होप के साथ दूसरे विकेट के लिए अविजित 91 रनों की साझेदारी कर अपनी टीम को 15.2 ओवर में नौ विकेट से जीत दिला दी. शाई होप ने 44 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद 61 रनों की पारी खेली.

झवहीं शिमरॉन हेटमायर ने 32 गेंदों में चार चौके और दो छक्कों की मदद से नाबाद 46 रन बनाये. आज यहां वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया. बल्लेबाजी करने उतरी नेपाल के बल्लेबाज वेस्टइंडीज के गेंदबाजी आक्रमण के आगे खुलकर नहीं खेल सके और उनकी टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 133 रन का स्कोर बनाया.

# लॉकी फर्ग्यूसन को मिला पितृत्व अवकाश

▸ कनाडा के खिलाफ मैच नहीं खेल पाएंगे



**चेन्नई, 15 फरवरी यूजीलैंड के पेसर लॉकी फर्ग्यूसन को पितृत्व अवकाश मिल गया है और वह कनाडा के खिलाफ टीम के आखिरी ग्रुप डी गेम के लिए उपलब्ध नहीं होंगे, न्यूजीलैंड क्रिकेट ने रविवार को यह घोषणा की।**

पेसर रविवार को घर के लिए रवाना होंगे। न्यूजीलैंड के हेड कोच रॉब वाल्टर ने कहा, 'यह लॉकी और एम्मा के लिए बहुत ही रोमांचक समय है और हमें खुशी है कि वह इतने खास मौके पर घर पर होंगे।''

'इस स्टेज पर, हम लॉकी को स्क्वॉड में रिप्लेस नहीं करेंगे क्योंकि प्लान है कि वह टूर्नामेंट के सुपर 8 फेज के लिए वापस आ जाएं। लेकिन हमारे ट्रैवलिंग रिज़र्व बेन सियर्स और कोल मैककॉन्ची जरूरत पड़ने पर स्क्वॉड में शामिल होने के लिए तैयार हैं।' न्यूज़ीलैंड ने इस टूर्नामेंट में अब तक अपने तीन ग्रुप गेम में से दो जीते हैं, और मंगलवार को कनाडा से भिड़ेगा।

## शेल्टन ने सेमीफाइनल में शापोवालोव को हराया



**डलास, 15 फरवरी. बेन शेल्टन शनिवार को नेक्सो डलास ओपन में अपने साथी लेफ्टी डेनिस शापोवालोव के बड़े टेस्ट से बच निकले, जहां उन्होंने आखिरी सेट के टाई-ब्रेक में जीत हासिल करके फाइनल में जगह बनाई.**

दूसरे सीड वाले खिलाड़ी ने डिफेंडिंग चैंपियन को 4-6, 6-4, 7-6(4) से हराया. दूसरे सीड वाले शेल्टन ने पूरे मुकाबले में दबाव में शानदार हिम्मत दिखाई. उन्होंने 11 में से 10 ब्रेक पॉइंट बचाए, जिसमें दूसरे सेट में 2-2 पर क्लच वॉली से एक जरूरी सेव और तीसरे सेट में 5-5 पर एक और सेव शामिल है. इस जीत के साथ, उन्होंने जोड़ी की हेड2हेड सीरीज में 4-0 की बढ़त बना ली.

फाइनल में शेल्टन का मुकाबला टॉप सीड टेलर फ्रिट्ज़ से होगा. 2018 के बाद से यह टूर्नामेंट में टॉप दो सीड के बीच पहला फाइनल होगा, जब टॉप सीड केविन एंडरसन ने न्यूयॉर्क में दूसरे सीड सैम क्वेरी को हराया था, जहां पहले यह टूर्नामेंट हुआ था. फ्रिट्ज़ ने शनिवार को सेमीफाइनल में फिर से वापसी कर रहे मारिन सिलिच का सिलसिला रोक दिया.



### धामने की भिड़ंत आठवीं सीड नोगुची से

**नयी दिल्ली.** भारतीय टीनएजर मानस धामने एटीपी दिल्ली ओपन 2026 सिंगल्स इवेंट के पहले राउंड में जापान के आठवीं सीड रियो नोगुची से भिड़ेंगे, जबकि डबल्स ड्रॉ में टॉप सीड सिद्धांत बंथिया (भारत) और अलेक्जेंडर डोंस्की (बुल्गारिया), और दूसरी सीड निकी कलियंडा पूनाचा (भारत) और प्रूच्या इसारो (थाईलैंड) हेडलाइन करेंगे।

रणजी ट्रॉफी 2026 ▸ उत्तराखंड के खिलाफ दो विकेट पर 355 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत की

# कर्नाटक का दबदबा, राहुल-पड़िक्कल चमके

**लखनऊ, 15 फरवरी देवदत्त पड़िक्कल (नाबाद 148) और केएल राहुल (141) की शतकीय पारियों की बदौलत कर्नाटक ने रणजी ट्रॉफी 2026 के पहले सेमीफाइनल मुकाबले के पहले दिन रविवार को स्टंप्स के समय उत्तराखंड के खिलाफ दो विकेट पर 355 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है.**



आज यहां टॉस जीतकर उत्तराखंड ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. बल्लेबाजी करने उतरी कर्नाटक की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने नौवें ओवर में मयंक अग्रवाल (पांच) का विकेट गंवा दिया. उन्हें आदित्य रावत ने आउट किया. इसके बाद बल्लेबाजी करने आये देवदत्त पड़िक्कल ने केएल राहुल के साथ शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए दूसरे विकेट के लिये 278 रन जोड़े.

दिन का खेल समाप्त होने के समय कर्नाटक ने दो विकेट पर 355 रन बना लिये है. देवदत्त पड़िक्कल (नाबाद 148) और करुण नायर (नाबाद 37) क्रीज पर मौजूद है. दिन के दूसरे सेमीफाइनल में सुदीप कुमार घरामी (नाबाद 136) रनों की शतकीय, कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन (49) और शाहबाज अहमद (42) जुझारू पारियों की बदौलत बंगाल ने आज जम्मू-कश्मीर के खिलाफ पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय पांच विकेट पर 249 रन बना लिये है. जम्मू-कश्मीर के लिए आकिब नबी और सुनील कुमार ने दो-दो विकेट लिये. आबिद मुश्ताक ने एक बल्लेबाज को आउट किया.

## ग्रुप सी मुकाबला : इंग्लैंड को इटली से रहना होगा सतर्क




**कोलकाता, 15 फरवरी इंग्लैंड सोमवार को होने वाले ग्रुप सी मुकाबले में जीत दर्ज कर अंक तालिका में मजबूती के साथ अंतिम आठ में जगह पक्की करने उतरेगा.**

नेपाल के खिलाफ जीत से उत्साहित इटली उलटफेर के इरादे से उतरेगी. स्कॉटलैंड पर बहुत जरूरी जीत के बाद इंग्लैंड अंक तालिका में दूसरे नंबर पर आ गया है, जबकि नेपाल के खिलाफ 10 विकेट की अपनी बड़ी जीत से उत्साहित इटली उलटफेर करने उतरेगा.